नगर आयुक्त ने किया स्वनिधि से समृद्धि कैम्प का निरीक्षण

कई लाभार्थियों का कराया केन्द्रीय योजनाओं में पंजीकरण

शाहजहांपुर। पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत स्वनिधि से समृद्धि कैम्प का आयोजन गांधी भवन प्रेक्षागृह में किया गया। जिसमें आठ केन्द्रीय कल्याणकारी योजनाओं से पथ विक्रेताओं एवं उनके परिवार के सदस्यों की सामाजिक, आर्थिक रूपरेखा तैयार की गई। जिसके अन्तर्गत करीब 62 स्वनिधि लाभार्थियों की सोशो इकॉनामिक प्रोइफालिंग की गई और पथ विक्रेताओं व उनके परिवार को वन नेशन-वन कार्ड, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम जन-धन योजना, श्रम योगी मान-धन योजना, बीओसी डब्ल्यू पंजीकरण, पीएम मातृ वंदना योजना, जननी सुरक्षा योजना का लाभ प्रदान किया गया।

योजना के नोडल अधिकारी/नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने कैम्प का निरीक्षण किया और लाभार्थियों को केन्द्रीय कल्याणकारी योजनाओं के लाभ बताए। उन्होंने स्वयं कई लाभार्थियों को पीएम सुरक्षा बीमा योजना, वन नेशन-वन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना में पंजीकरण कराया।

उन्होंने स्वीकृत स्वनिधि ऋण अतिशीघ्र वितरित करने के निर्देश संबंधित को दिए और शत-प्रतिशत लाभ प्रदान करने के लिए समस्त विभागों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया। इस दौरान नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि आज 25 मार्च को भी उक्त कैम्प गांधी भवन प्रेक्षागृह में संचालित किया जाएगा। जिसमें सम्बन्धित स्वनिधि लाभार्थी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु आमंत्रित हैं।